ART कैसे काम करती है?

इस थेरेपी या दवाई का काम आपके शरीर में मौजूद **एचआईवी** वायरस को कमज़ोर करना है।

साथ ही साथ ये दवाई **एचआईवी** वायरस की संख्या की शरीर में बढ़ोतरी नहीं होने देती है।

इस तरह यह दवाई एक **एचआईवी+ve** इंसान को अन्य बीमारियाँ लगने से बचाती है।

ART तब सही ढंग से काम करती है जब:

CD4 ↑ नियमित जांच के दौरान वायरल लोड कम हो रहा है और **CD4** बढ़ रहा है।

आप अपनी दवाई रोज़ बिना भूले लेते हैं।

ART क्या है?

एचआईवी एक आजीवन रहने वाला संक्रमण है, लेकिन याद रखें आप **एचआईवी** के साथ भी एक स्वस्थ, सामान्य जीवन जी सकते हैं - सिर्फ नियमित दवाई खा कर।

इस दवाई का नाम है - एंटी रेट्रो वायरल थेरेपी यानी **ART!!**

रोज़ लिया क्या?

NACO National AIDS Control Organisation India's Voice against AIDS Ministry of Health & Family Welfare, Government of India www.naco.gov.in | USAID FROM THE AMERICAN PEOPLE | PEPFAR | LINKAGES Across the Continuum of HIV Services for Key Populations | fhi360 THE SCIENCE OF IMPROVING LIVES

एचआईवी के साथ एक स्वस्थ ज़िंदगी जिया क्या?

ART

रोज़ लिया क्या?

अगर आप HIV+ve हैं तो,

जल्द से जल्द नज़दीकी ART केंद्र पर दवा शुरु करने के लिए रजिस्टर करें और याद रखें:

ART शुरु करने से पहले, डॉक्टर आप की कुछ जांचें करवाएंगे।

आप की जांच का परिणाम मिलने के बाद आपका इलाज शुरु किया जाएगा।

इलाज शुरू करने के बाद थोड़े साइड इफ़ेक्ट हो सकते हैं जैसे कि उलटी, बुखार, चक्कर आना, लेकिन ये समय के साथ चले जाएंगे।

साइड इफ़ेक्ट होने पर अपने डॉक्टर को दिखायें और इलाज जारी रखें।

ART के फायदे:

1. एक लम्बी, खुशहाल ज़िंदगी जीने में मदद मिलती है।
2. CD4 बढ़ने से बीमार पड़ने की संभावना कम होती है।
3. वायरल लोड घटने से आंतरिक अंगों यानी हृदय, यकृत, गुर्दे, मस्तिष्क आदि को नुकसान नहीं पहुंचता है।
4. कम वायरल लोड की स्थिति में सेक्स करते समय एचआईवी फैलने का खतरा भी थोड़ा कम होता है, लेकिन फिर भी सेक्स हमेशा कंडोम के साथ करें।
5. कम वायरल लोड की स्थिति में गर्भावस्था या स्तनपान के दौरान माँ से शिशु को एचआईवी संक्रमण होने की संभावना भी कम हो जाती है।

याद रखें:

- नियमित ART खाने से आपके शरीर की रोगों से लड़ने की शक्ति बढ़ती है, जिससे और बीमारियां होने का खतरा कम हो जाता है।
- जब ART अपना काम करती है, तभी आप एक स्वस्थ ज़िन्दगी जी सकते हैं।
- अपने डॉक्टर की निगरानी और सलाह अनुसार, ART जल्द से जल्द शुरु करें।
- अपने डॉक्टर के बताये अनुसार हर दिन ART लें।
- आपके नज़दीकी ART केंद्र पर मुफ्त ART मिलती है।
- अपनी सेहत से जुड़ी किसी भी शिकायत या सवाल के लिए अपने डॉक्टर से बात करें।
- ART की दवा के साइड इफ़ेक्ट के बारे में अपने डॉक्टर से सलाह करें।